




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 325 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 10 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## बालिका का पीछा कर इशारे से बुलाता था आरोपी, दो साल की जैल

**नीमच, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** एक 16 वर्षीय नाबालिग पीड़िता का पीछा कर इशारे से बुलाने वाले आरोपी अनिल को न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। आरोपी की उम्र 30 वर्ष है। गांधी नगर निवासी आरोपी को नीमच सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश ने (पॉक्सों एक्ट) के अंतर्गत धारा 354(क), (1), (आईआई) और 354(घ),(1), (आई) भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं धारा 11 और 12 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत दो वर्ष का कारावास और 1000 रूपये का जुर्माना लगाया है। पीड़िता ने जीरन थाने में रिपोर्ट लिखवाई थी कि जब भी वह स्कूल जाती है, तब रास्ते में आरोपी उसे हाथ से गलत इशारे कर बुलाता है। अक्सर पीछा कर परेशान करता रहता हैं, इससे बालिका असहज महसूस करती थी। इससे परेशान होकर पीड़िता ने यह बात अपने माता-पिता और भाई को बताई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थीं।





# बिल्लोद पुलिया पार करते समय नदी में बहा परिवार

## मां-बेटे की मौत, पति और बचाने के लिए कूदा युवक भी बहा, दोनों के शव की तलाश जारी

**✻ छह वर्षीय बच्ची को चौकीदार ने बचाया ✻ बाईक पर आगे रखा बेग बना कारण ✻ संतुलन बिगड़ने से नदी में बाईक सहित गिरा था परिवार**

**मंदसौर/नाहरगढ़, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने के कारण भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। तेज बारिश के चलते शिवना नदी रपट पर सोमवार को बाइक पर आगे रखे बेग को पकड़ने के चक्कर में बाईक का संतुलन बिगड़ा जिससे गाड़ी नदी में चली गई। बाईक सवार चार लोग बह गए। इसमें से एक छह साल की बच्ची को बचा लिया गया। जबकि, चार माह के मासूम और उसकी मां का शव निकाल लिया गया है। बाईक चालक व उन्हें गिरता देख बचाने के लिए नदी में कूदे बबलू नाम के युवक को तलाश जा रहा था।

बता दें कि बीते साल 15 अक्टूबर 2023 को बिल्लौद पुलिया का भूमि पूजन किया गया। इसके बाद अभी तक पुलिया का काम शुरु नहीं हो पाया। यह लापरवाही भी एक परिवार को खत्म करने में एक बड़ा कारण रहा। पुलिया पार करते समय एक बाइक नदी में बह गई। बाइक पर सवार दंपती और उनके बेटे-बेटी पानी में बाइक के साथ बह गए। इनमें एक बच्चे की उम्र महज 4 महीने थी। इन्हें बचाने दो युवक कूदे, जिसमें से एक युवक ने छह साल की बच्ची को बचा लिया। लेकिन, दूसरा युवक डूब गया। गोताखोरों की मदद से महिला और एक बच्चे का शव बरामद किया गया है। महिला के पति और बचाने वाले एक युवक की तलाश की जा रही है। हादसा सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे का बताया जा रहा है। हालांकि, उस समय पुल पर से पानी उतर गया था। लेकिन, कीचड़ होने से बाईक स्लीप हो गई। सूचना मिलने के बाद एएसपी गौतम सोलंकी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

मंदसौर ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि डूंगर सिंह उम्र 37 साल सीतामऊतहसील के मोरखेड़ा गांव का रहने वाला है। वो अपनी पत्नी संगीता उम्र 35 साल, बेटी यतिका उम्र 06 साल और एक 4 महीने के बेटे को बाइक से लेकर कहीं जा रहा था। पुल पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई।उनको बचाने के लिए दो युवकों ने नदी में छलांग लगा दी, लेकिन बहाव इतना तेज था कि बचाने के लिए कूदे व्यक्ति भी डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह एक बच्ची यतिका और एक अन्य युवक को बचा लिया। मौके पर गोताखोर भी बुलाए गए। करीब एक घंटे की तलाशी के बाद संगीता और उसके 4 माह के बेटे का शव मिला। वहीं, डूंगर सिंह और बचाने के लिए कूदे बबलू की तलाश की जा रही है।

### पुलिस बोली- लोगों के मना करने पर भी पुल पार किया...

पुलिस के मुताबिक डूंगर सिंह पत्नी और दो बचों के साथ बाइक से पुल पार कर रहा था। बाइक की टंकी पर बैग रखा था। पीछे 06 साल की बेटी और पत्नी बैठी थी, पत्नी की गोद में 4 महीने का बच्चा था। पुल के बराबर पानी था। लोगों ने डूंगर सिंह को पुल पार करने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना और पुल पार करने लगा।

पुल के बीच पहुंचने पर टंकी पर रखा बड़ा बैग गिरने लगा। जिसे पत्नी ने एक हाथ से पकड़ने की कोशिश की। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ा और बाइक सहित पूरा परिवार पुल से नीचे नदी में जा गिरा।

### दो शव बरामद, दो लोगों की तलाश...

एसडीएम रविन्द्र सिंह परमार ने बताया कि रात में जलस्तर बढ़ने से शिवना के पुल पर पानी था। सुबह पानी पुलिया से उतर गया था तो हल्का आवागमन हो रहा था। बाइक पर मासूत सहित 4 लोग एक साथ थे। आगे बैग भी रखा हुआ था। तभी बैलेंस बिगड़ने के कारण हादसे की आशंका है। दो लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। दो लोगों की तलाश एसडीआरएफ टीम कर रही है। दोनों तरफ चौकीदार और पीडब्लडी के गैंगमैन भी थे। स्थानीय जीआरएस भी थे। पता करेंगे, क्या-कैसे हुआ होगा।



### अंतिम सांस तक मां ने बच्चे को अपने से सीने से चिपकाए रखा...

नदी पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार जब बाइक नदी में गिरी तो 6 माह बच्चा अपनी मां के सीने से लिपटी हुई थी। नदी में गिरने के पश्चात भी मां संगीता ने अपनी 6 माह की बची को अपनी छाती से अलग नहीं होने दिया था। तेज बहाव में मां बहती चली गई पर एक हाथ से बची को पानी से ऊपर ही रखा था। किंतु पानी के तेज बहाव के कारण मां की ममता ने भी दम तोड़ा और बच्चा मां से लिपटा हुआ बहता चला गया। दोनों का शव एक साथ नदी से काफी दूर मंडलोई डेम के मिला। जिन्हें नदी में मौजूद मछुआरों ने निकाला।

### डिप्टी सीएम श्री देवड़ा ने की अधिकारियों से चर्चा

### कहा, मुझे मासूम बच्ची की चिंता

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने नाहरगढ़ के समीप शिवना नदी में पुलिया पर हुए हादसे के संबंध में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद से चर्चा की है।



उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दोनों अधिकारियों से समूचे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली और राहत एवं बचाव कार्य प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मासूम बची की मुझे पूरी चिंता है और बची तथा इस हादसे के सभी प्रभावितों के साथ मेरी पूरी संवेदना है। सरकार की ओर से प्रभावितों को हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी। श्री देवड़ा ने लापता दोनो लोगो के तलाशी अभियान के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। आपने हादसे के दोनों मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# मल्हारगढ़ का खतरनाक राजमार्ग

## कागजों में बना प्लान, धरातल पर नहीं उतरा

**प्रोजेक्ट शासन को भेजने तक सिमटकर रह गई प्रक्रिया**

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ नगर महू-नीमच राजमार्ग के दोनों तरफ बसा होने से नगरवासियों व आसपास के ग्रामीणों को दिनभर राजमार्ग से गुजरना पड़ता है। इससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। पूर्व में ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने पर शासन ने 2018 में अनुपूरक बजट में फ्लाय ओवर स्वीकृत किया। इस पर सेतु विकास विभाग ने अप्रेल 2018 में 20 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया। प्रदेश के डिप्टी सीएम के गृह क्षेत्र में आज तक प्रोजेक्ट को प्रशासकीय स्वीकृति तक नहीं मिल पाई है। अब यह प्रोजेक्ट सिर्फ सपना बनकर रह गया है।

मल्हारगढ़ की आबादी 15 हजार से अधिक है। इसके बीच से महू-नीमच राजमार्ग निकल रहा है। नारायणगढ़ की तरफ पुराना नगर बसा है, जहां करीब 40 फीसदी आबादी है। दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन, तहसील कार्यालय, स्कूलों सहित नगर की 60 फीसदी आबादी रहती है। ऐसे में रोज नगर व आसपास गांवों के 60 हजार से अधिक लोगों को महू-नीमच राजमार्ग पार करना होता है।

रोज लाखों छोटे, बड़े वाहन नगर के मध्य तेज गति से गुजरते हैं। इससे यहां आए दिन हादसे होते हैं। इसके चलते यह चौराहा 5 साल तक ब्लैक स्पॉट में शामिल रहा। कई हादसे यहां हो चुके हैं। इसे देखते हुए क्षेत्रीय विधायक और वर्तमान में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा की मांग पर 2018 में अनुपूरक बजट में शासन ने फ्लायओवर को मंजूरी दी। इसके बाद सेतु विकास विभाग ने करीब 20 करोड़ के फ्लाय ओवर की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी। हैरानी की बात यह है कि आज तक इसकी प्रशासकीय स्वीकृति नहीं आई। जबकि, क्षेत्रीय विधायक ही वर्तमान में लंबे समय से वित्तमंत्री भी हैं।

### यह थी योजना...

प्रोजेक्ट के अनुसार मल्हारगढ़ से गुजरने वाला फ्लायओवर महू-नीमच राजमार्ग पर नगर की सीमा से प्रारंभ होता जो अंत में वापस राजमार्ग पर उतरता। यह 800 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा बनाने का प्लान किया गया था। जो नीचे चौराहा के यहां 6.5 मीटर चौड़े व 7 मीटर उंचाई के दो ब्लॉक लगाए जाते। जिससे नगरवासी व आसपास के ग्रामीण राजमार्ग के नीचे से आवागमन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त ब्लॉक के पास दोनों तरफ 6-6 ओपनिंग रखने की प्लानींग भी थी, जहां से दोपहिया व चारपहिया वाहन निकल सकेंगे।

### 60 हजार से अधिक लोगों को मिलता लाभ...

राजमार्ग के एक तरफ तहसील कार्यालय सहित कई विभाग बने हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ मल्हारगढ़ नगर व उसके बाद नरायणगढ़, टकरावद, संजीत, बूढ़ा सहित आसपास 40 गांव के 60 हजार से अधिक लोग तहसील कार्यालय व अन्य विभागों में काम के लिए राजमार्ग को पार कर जाते हैं। फ्लायओवर बनने के बाद यह लोग राजामार्ग के नीचे से निकल सकते थे। इससे दुघर्टनाओं का खतरा कम हो जाता।

### हाईवे पर ही रंबलर बना दिए...

फ्लायओवर निर्माण में समय लगने पर तत्कालीन प्रशासन ने अस्थायी समाधान करते हुए हादसों को रोकने का प्रयास किया। इसके लिए अधिकारियों ने हाईवे पर ही रंबलर (एक साथ कई स्पीडब्रेकर) बना दिए। वहीं हाईवे को जोड़ने वाले नगर के दोनों मार्गों पर भी स्पीड ब्रेकर बना दिए। जिससे वाहनों की गति कम हुई व हादसों में कमी आई। वर्तमान में यह ब्लैक स्पॉट से बाहर है। रंबलर बनाने से हाईवे का मतलब ही खत्म हो गया।

### दो माह की स्वीकृति में लग गए छह साल...

विभाग के जानकारों के अनुसार तो बजट में अंकित होने के बाद स्वीकृति में देरी नहीं होना चाहिए। क्षेत्रीय कार्यालय प्रोजेक्ट का प्रस्ताव तैयार कर ईई को भेजता है जो चीफ इंजीनियर व इंजीनियरिंग चीफ तक जाती है। यहां से प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने में अधिकतम दो से तीन माह का समय लग सकता है। इतना समय किसी समस्या के चलते ही लगा होगा। डिप्टी सीएम जिनके पास वित्त विभाग है, चाहें तो एक कॉल पर फाइल को निकलवाकर स्वीकृति ले सकते हैं।

### नहीं मिली स्वीकृति...

मल्हारगढ फ्लायओवर को लेकर अप्रैल 2018 में ही प्रस्ताव तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन स्तर पर भेजा था। प्रशासकीय स्वीकृति कम मिली थी।

**प्रवीण नरवरे, एसडीओ**
**सेतु विकास विभाग**

### कुमार सत्यम का तबादला, जैन होंगे नए जिपं सीईओ

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन ने सोमवार को मंदसौर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सत्यम का तबादला ग्वालियर कर दिया गया हैं। उन्हें अपर कलेक्टर बनाया गया है। उनके स्थान पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश कुमार जैन को मंदसौर जिला पंचायत का सीईओ बनाया गया है।

## मध्य प्रदेश में गठित हुआ परिसीमन आयोग

### नए सिरे से तय होगी संभाग और जिलों की सीमाएं

**भोपाल, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में नए जिला और तहसील बनने के कारण सीमाएं घट-बढ़ गई हैं। कोई संभाग बहुत बड़ा हो गया तो कोई छोटा। यही स्थिति जिलों को लेकर भी है। इससे आमजन और राजस्व प्रशासन में आ रही परेशानियों को देखते हुए संभाग, जिला और तहसील की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जाएगा।




इसके लिए सरकार ने परिसीमन आयोग बनाया है। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव को इसका सदस्य बनाया है, जो संभाग और जिला का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट शासन को देंगे। बता दें कि जिले तो बढ़ गए, लेकिन जिलों की सीमाओं को लेकर कई विसंगतियां हैं। सागर, इंदौर, धार ऐसे जिले हैं। जिनमें बड़ी कठिनाइयां हैं। कई संभाग बहुत छोटे हो गए हैं। इन समस्याओ को दूर करने के लिए परिसीमन आयोग बनाया है, जिसके माध्यम से आस-पास के स्थानों को एक जिले से जोड़कर व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। संभागों और जिलों का फिर से निरीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयोग बनाने की जानकारी देते हुए कहा कि जब हमने सरकार बनाई, तो इस बात पर ध्यान दिया कि भौगोलिक दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य होने के नाते मध्य प्रदेश का अपना क्षेत्रफल तो है लेकिन समय के साथ इसमें कुछ कठिनाइयां भी हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास और प्रशासनिक सुधार के लिए नए परिसीमन आयोग का गठन किया है। जिलों और संभागों का पुन: परीक्षण कर, हम प्रदेश की भलाई के लिए बेहतर व्यवस्थाओं की नींव रख रहे हैं। हमारा प्रयास है कि प्रदेश का हर कोना प्रगति की ओर बढ़े।

# गैंगस्टर सुधाकर राव मराठा गिरफ्तार, 14 तक रिमांड पर

## फेसबुक पर वीडियो शेयर कर कहा था-रतलाम आ रहा हूं, मुझे पकड़ सकती है पुलिस

**रतलाम, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** होटल व्यवसायी जितेंद्र राठौड का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में फरार आरोपी गैंगस्टर सुधाकर राव मराठा को बीती रात पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। दरअसल, सुधाकर राव मराठा ने अरेस्टिंग से पहले फेसबुक पर वीडियो जारी कर कहा था, रतलाम आ रहा हूं। पुलिस मुझे पकड़ सकती है। मै डरने वालों में से नहीं हूं। पुलिस ने सुधाकर को गिरफ्तार कर लिया है। उसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 14 सितंबर तक का पुलिस रिमांड मिला है।

नवनिर्माण हिंद व्यायाम शाला द्वारा हाट की चौकी चौराहा स्थित सूर्यमुखी हनुमान मंदिर के पास गणेश जी की प्रतिमा विराजित की है। यहां पर रविवार रात आरती में सुधाकर राव मराठा शामिल होने वाला था। आयोजकों द्वारा मराठा के आने का अनाउंसमैंट भी लगातार किया गया। इससे आरती में भीड़ जमा हो गई। पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया। अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। लेकिन, वह नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि इसके पहले ही पुलिस ने आयोजन स्थल से कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया।

### थाने पर इकट्ठा हुए समर्थक...

रात करीब 11 बजे स्टेशन रोड थाने पर आए कुछ लोग आरोपी मराठा के भाई व बहन बताते हुए उसके बारे में पूछते रहे कि पुलिस सुधाकर को पकड़कर कहां ले गई। इसके चलते कुछ समर्थक भी थाने पर एकत्र हो गए।

### यह है मामला...

बालाजी होटल के संचालक जीतेन्द्र राठौड की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुधाकर राव मराठा व रेलवे के रिटायर्ड सीटीआई सुनील दुबे, प्रॉपर्टी ब्रोकर चन्दू शिवानी, इनका बेटा सन्नी शिवानी, सीए रवि डफरिया, नवनिर्माण हिंद व्यायाम शाला संचालक मनोज वर्मा, नटवर पाटील के खिलाफ अपहरण कर फिरौती मांगने का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस पूर्व में मराठा को छोड़ सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मराठा ने वीडियो में पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

# एनडीपीएस में पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाकर युवक का अपहरण, पांच पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** एनडीपीएस प्रकरण में पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाकर कुछ लोगो ने एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की। युवक लघुशंका का बहाना बनाकर भाग आया और पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो फरार है।

पिपलिया विशनिया निवासी नितेश पिता गोपाल सेन ने मल्हारग़ढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर 03 बजे बाइक से मल्हारगढ आ रहा था कि मल्हारगढ- अरनिया देव रोड पर दोपहर सवा तीन बजे करीब देवरे के पास एक काले रंग की बजाज प्लेटिना मोटर साइकल पर दो व्यक्ति आये और मेरी बाइक के आगे अपनी बाइक अड़ाकर मुझे रोका। दोनो मुझसे बोले कि तेरा नाम नितेश सेन है क्या ? मैने हाँ कहा तो दोनों बोले की तू पुलिस की बहुत मुखबिरी करता है, तुझे आज बताते है और अश्लील गालियां दी। दोनों ने मेरे साथ मारपीट की। इस दौरान दोनों बोले की तूने छोटा बोरदिया (नीमच सिटी) निवासी रामसिंह सौंधिया व उसके बेटे पर्वतसिंह सौंधिया की मुखबिरी की थी। ढाई साल पहले रामसिंह के हाली का अफीम केस तूने कोतवाली मंदसौर पर बनाया था। इस दौरान.. **शेष पेज 4 पर**

# हथियारों के साथ पांच बदमाशों को दबोचा

## बना रहे थे डकैती की योजना, पूछताछ जारी

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन थाना क्षेत्र की मुल्तानपुरा चौकी पुलिस ने चौकी क्षेत्र से पांच बदमाशों को दबोचा है। आरोपी डकैती की योजना बना रहे थे। इनसे हथियार और लाल मिर्ची के पैकेट भी जब्त किए है।



पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर गोदरशाह दरगाह के नीचे बंद पड़ी दुकानो के पीछे दबिश दी गई। यहां से करण पिता भरतलाल बावरी उम्र 22 साल निवासी अवलेश्वर थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ, अर्जुन पिता नाहरसिंह चौहान जाति बावरी उम्र 20 साल निवासी शिवपुरा थाना छोटी सादडी प्रतापगढ, कमल उर्फ कमलेश पिता बसन्तीलाल पँवार जाति बावरी उम्र 28 साल निवासी साण्डीखेडा थाना छोटी सदडी जिला प्रतापगढ, नानालाल पिता बगदीराम सोलंकी जाति बावरी उम्र 34 साल निवासी रेवास देवडा थाना वायडीनगर मन्दसौर, समरथ पिता छगनलाल पँवार जाति बावरी उम्र 46 साल निवासी बाँसखेडी थाना नारायणगढ मन्दसौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से एक धारदार तलवार, 02 धारदार चाकू व लोहे की टामी, लट्ठ व मिर्च का पैकेट मिले है। आरोपियों के खिलाफ धारा 310(4), 310(5) बीएनएस व 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कारें अभी और सस्ती होने वाली है, ऑटोमोबाइल सेक्टर भी महंगाई से आहत...

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत में त्योहारों का समय 15 अगस्त के बाद राखी से शुरू होकर दिवाली तक चलता है। व्यवसाय जगत की हमेशा अवधारणा रही है कि इस दौरान ग्राहकों की खरीदारी उफान पर रहती है। अनेकों कंपनियां घरेलू सामान कपड़े से लेकर मोटर कार कंपनियां तक अपने नए उत्पादों को इस दौरान बाजार में कमाई के लिए उतारती है। पहली बार ऐसा लग रहा है कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए उत्पाद और खासे डिस्काउंट के बाद भी खरीदारी पर महंगाई का असर साफ नजर आ रहा है।

त्योहारी सीजन के व्यापार को समझने वालों के अनुमान अनुसार 7 से 8 लाख कारें विक्रेताओं के शोरूम और गोदाम में पड़ी ग्राहकों का इंतजार कर रही है। बीते सालों के समय में यह इंतजार व्यवसाई जगत के व्यवहार में 30 दिन हुआ करता था। जबकि वर्तमान समय का दौरा भारत के सबसे बड़े त्योहार दिवाली के पहले से ही 90 दिन का हो चला है। यह समय अंतराल स्पष्ट जाहिर कर रहा है कि महंगाई से सिर्फ आम आदमी ही नहीं उच्च आय वर्ग के व्यवसायी और निर्माता भी आहत नजर आ रहे हैं। इसका असर बाजार में सबसे स्पष्ट कार निर्माताओं और विक्रेताओं पर नजर आ रहा है। जैसे पहले के समय में कोई भी कार जिसकी मांग रहती थी उसे लेने के लिए पहले से बुकिंग कराना पड़ती थी। पसंद के रंग के लिए अनुनय विनय या सिफारिश का सहारा लेना पड़ता था। उसके बाद भी कभी डीलर एक पखवाड़े या महीने भर बाद डिलीवरी देता था। आज हालात यह है कि 7 से 8 लाख कारें बिकने के लिए विक्रेताओं के कब्जे में पड़ी ग्राहक का इंतजार कर रही है। ऐसे में व्यावसायिक तरीके भी अपनाए जा रहे हैं। इन कारों कीमतों पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। मारुति की कारों पर 25 हजार से सवा लाख रुपए, हुंडई की कारों पर 40 से 90 हजार रुपए तक, होंडा की कार पर 80 तो टाटा की कारों पर 15 हजार से एक लाख रूपए से अधिक तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। ऑटोमोबाइल सेक्टर पर महंगाई के संकट को इस तरह भी समझा जा सकता है कि पहले कार विक्रेताओं के पास 30 दिन का समय विक्रय के अनुमान से वाहनों का स्टॉक रखा जाता था। पर, धीरे-धीरे विक्रय में शिथिलता के कारण अब 90 दिन तक का स्टॉक शोरूम गोदाम या किसी निजी स्थान पर रखा जा रहा है। जाहिर है वाहनों को रखने के लिए स्थान अधिक चाहिए फिर उसका रखरखाव किराया और उनके करोड़ों की लागत पर ब्याज जैसे खर्चे की मार भी विक्रेता को सहना पड़ रही है। इसके अलावा कंपनी का प्रत्येक मॉडल तो रखना ही पड़ता है। साथ में इन्हीं के उत्पादित अनेक वर्जन वाले मॉडल भी रखने का भार विक्रेता को ही भुगतना पड़ रहा है। कुछ उत्पादक कंपनियों ने कारें रखने की समय सीमा बढ़ा दी है तो कुछ कंपनियों ने बाजार के वातावरण के कारण अपने उत्पादन को धीमा भी किया है।


चन्द्रमोहन भगत

ऑटो सेक्टर को समझने वाले यह भी जानते हैं कि तैयार वाहनों का स्टॉक बाजार में पहले से है। ऐसे में नए मॉडलों को बाजार कैसे मिल पाएगा वह भी तब जब खासा डिस्काउंट ऑफर दिया जा रहा है। इसी कारण इस बात को बाजार में बल मिल रहा है कि अभी कारों पर डिस्काउंट को दिवाली तक और अधिक बढ़ाया जा सकता है। ताकि वाहनों का विक्रय हो सके, वरना शोरूम पर या गोदाम में रही तो सोने से घड़ावन महंगी पड़ेगी।

# 9 से 13 तक मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 6 राज्यों में भारी बारिश का रेड और ऑरेन्ज अलर्ट

**भोपाल, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मानसून भारत में लगातार बारिश ला रही है। कई राज्य येलो अलर्ट पर हैं। भारतीय मौसम विभाग (खचऊ) ने सोमवार 9 सितंबर को आंध्र प्रदेश और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट जारी किया और कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना जाहिर की। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम अगले दो दिनों के दौरान ओडिशा और छत्तीसगढ में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढने की बहुत संभावना है। इसके चलते जोरदार बारिश देखने को मिल सकती है।

**आईएमडी मौसम पूर्वानुमान 2024: पश्चिम और मध्य भारत**–इस सप्ताह पश्चिम और मध्य भारत में काफी व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, 11 और 12 सितंबर को पश्चिमी मध्य प्रदेश, 9 और 10 सितंबर को पूर्वी मध्य प्रदेश, 8 से 10 सितंबर को छत्तीसगढ और 9 सितंबर को विदर्भ में भारी बारिश की उम्मीद है। 9 से 12 और 14 सितंबर तक पश्चिमी मध्य प्रदेश में, 9 से 11 सितंबर के दौरान गुजरात क्षेत्र में बारिश होगी। कोंकण, गोवा, विदर्भ और छत्तीसगढ में, 9 से 10 सितंबर के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश और 9 से 12 सितंबर के दौरान मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश होने की संभावना है।

**आईएमडी मौसम पूर्वानुमान 2024: दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत**–तटीय कर्नाटक, केरल, माहे और लक्षद्वीप में काफी व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और सप्ताह के दौरान तेलंगाना, तथा पुडुचेरी, कराईकल, रायलसीमा, तमिलनाडु, तथा आंतरिक कर्नाटक में छिटपुट से छिटपुट बारिश होने की संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश तथा यनम में, छिटपुट स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है, 9 सितंबर को तेलंगाना में भी छिटपुट स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। 9-10 सितंबर के दौरान तेलंगाना, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल, तथा माहे में, 9-12 सितंबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश तथा यनम में, तथा 9-11 सितंबर के दौरान तटीय कर्नाटक में छिटपुट भारी बारिश होने की संभावना है।

**मौसम पूर्वानुमान 2024: पूर्व और पूर्वोत्तर भारत**–आईएमडी का अनुमान है कि 9 सितंबर को ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश होगी। 10 और 11 सितंबर को झारखंड, असम, गंगीय पश्चिम बंगाल और मेघालय के साथ-साथ नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद है। अगले सात दिनों के दौरान मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। 9-13 सितंबर के दौरान असम और मेघालय में, 9 और 10 सितंबर को गंगीय पश्चिम बंगाल में, 8-10 सितंबर के दौरान ओडिशा में, 10-12 सितंबर के दौरान अरुणाचल प्रदेश में, 9, 11 और 12 सितंबर को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में, 12 से 14 सितंबर तक बिहार में और 9 से 12 सितंबर तक झारखंड में।

**मौसम पूर्वानुमान 2024: उत्तर-पश्चिम भारत**–उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में छिटपुट से लेकर काफी व्यापक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है और सप्ताह के दौरान क्षेत्र में छिटपुट से लेकर छिटपुट बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 12 और 13 सितंबर को पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। 9 सितंबर को हरियाणा और पश्चिमी राजस्थान में, 10 से 12 सितंबर तक उत्तर प्रदेश में बारिश होगी। 9 से 14 सितंबर तक उत्तराखंड में, 10 और 11 सितंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में तथा 9 और 13 सितंबर को पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश हो सकती है।

## जिले में अब तक 814.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 814.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 23.6 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 9.0 मि.मी., सीतामऊ में 31.4 मि.मी. सुवासरा में 24.6 मि.मी., गरोठ में 3.2 मि.मी., भानपुरा में 2.4 मि.मी., मल्हारगढ मे 4.0 मि.मी., धुंधडका में 14.0 मि.मी., शामगढ में 10.0 मि.मी., संजीत में 69.0 मि.मी., कयामपुर में 36.0 मि.मी. एवं भावगढ में 56.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 702.0 मि.मी., सीतामऊ में 854.4 मि.मी. सुवासरा में 892.0 मि.मी., गरोठ में 783.7 मि.मी., भानपुरा में 719.0 मि.मी., मल्हारगढ में 761.0 मि.मी., धुंधड़का में 824.0 मि.मी., शामगढ़ में 1101.2 मि.मी., संजीत में 701.0 मि.मी., कयामपुर में 736.6 मि.मी. एवं भावगढ़ में 886.7 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1307.55 फीट है।



# आप सभी की मेहनत और समर्पण से मंदसौर जिले को प्रदेश में लायेगें अव्वल-अटोलिया

## सदस्यता अभियान अंतर्गत मंदसौर नगर उत्तर एवं दक्षिण मंडल की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह एंव सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी एंव विधायक भगवानदास सबनानी के निर्देशानुसार आज जिला मुख्यालय मंदसौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने सदस्यता अभियान अंतर्गत मंदसौर उत्तर एंव मंदसौर दक्षिण मंडल की संयुक्त बैठक ली। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री गण विजय अठवाल, राजेश दीक्षित, राजेश नामदेव, राजु चावला, नपाध्यक्ष रमा देवी गुर्जर, पुलकित पटवा, अरविंद सारस्वत मंचस्थ थे। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत् पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की हम सभी के लिये प्रसन्नता की बात है की 2 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर भाजपा के महा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। उसके बाद से ही लगातार मंदसौर जिले के भाजपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की मेहनत और समर्पण के बल पर हम सदस्यता महा अभियान में लगातार टॉप 10 में भी सर्वोच्च पायदान पर आ रहे है। प्रदेश नेतृत्व ने हमें 3 लाख सदस्यो का लक्ष्य दिया है। जिसकी और हम निरंतर बढ़ रहे है। मंदसौर शहर में भी आप सभी के समर्पण से सदस्य संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कल भाजपा की वर्चुअल संभागीय बैठक में भी मंदसौर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण की प्रंशसा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान जिला प्रभारी एंव भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित ने कहा की मुझे कहते हुए प्रशंसा होती है की हमने हमारे जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में जिले में 1 लाख सदस्य बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है। मंदसौर शहर जनसंख्या के हिसाब से काफी बड़ा है, मेरा आप सभी से आग्रह की जिला भाजपा को दिये लक्ष्य पूर्ति का 30 प्रतिशत लक्ष्य मंदसौर जिला मुख्यालय से पूर्ण हो। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री विजय अठवाल ने कहा की हमें मंदसौर शहर में सदस्यता महा अभियान को लेकर ऐतिहासिक वातावरण बनाना होगा। गली मोहल्ले चौराहे-चौराहे पर आप सभी पदाधिकारी एंव पार्षदगण अपने-अपने बूथ के कार्यकर्ताओं को लेकर पहुंचे और क्षेत्रवासियों से संपर्क कर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलायें। बैठक का संचालन मंदसौर उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने किया एंव आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव ने माना। बैठक में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला, भाजपा मंडल महामंत्री मयंक मावर, देवेन्द्र मरच्या, अर्चना गुप्ता, बाबा पंचोली, दिनेश नागर, पार्षदगण सत्यनारायण भांभी, आशीष गौड़, सुनिता गुजरिया, सुनिता भावसार, गरीमा भाटी, दिपक गाजवा, नरेन्द्र बंधवार, कमलेश सिसोदिया, शहजाद पटेल, राजेश सोनी, राकेश भावसार, युसुफ गौरी, अनुप माहेश्वरी, अरूण भावसार, धर्मेन्द्र जटिया, इमरान अब्बासी, नंदलाल गुजरिया, पिंकेश कुमावत सहित मंडल में निवासरत पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# बिजली बिल जमा होने के बाद भी बिजली विभाग ने उपभोक्ता का कनेक्शन काटा

## गरीब उपभोक्ता ने बिजली कंपनी अधिकारी और पुलिस को की शिकायत

**मनासा, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** तहसील क्षेत्र के गांव कुंडला में एक बिजली उपभोक्ता का घरेलू बिजली कनेक्शन बिल जमा होने के बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारी ने मनमानी करते हुए कनेक्शन काट दिया। उपभोक्ता का कहना है कि हर महिने बिल जमा किया जा रहा है। वही बिजली कंपनी के कनिष्ठ यंत्री का कहना है कि अन्य गांव में बिजली चोरी के मामले में प्रकरण दर्ज है और उसकी राशी बकाया है इसलिए कनेक्शन काटा गया। वही उपभोक्ता का कहना है उसके नाम से कहीं पर भी कोई कनेक्शन नही है और विभाग ने फर्जी तरिके से प्रकरण मेरे खिलाफ बनाया।

तहसील क्षेत्र के गांव कुंडला के रहने वाले दुर्गाशंकर चौधरी के नाम से बिजली कनेक्शन है। जिसका बिजली बिल अगस्त महिने तक जमा है। इसके बाद भी बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री जाफर आलम ने गांव में पहुचकर सोमवार की दोप. में बिजली कनेक्शन काट दिया। बिजली कनेक्शन काटने का कारण उपभोक्ता की पत्नि पुष्पाबाई ने अधिकारीयो से पूछा तो उन्होने संतुष्पूर्ण जवाब नही दिया और रूपए की मांग की गई। उपभोक्ता की पत्नि ने कंपनी अधिकारीयो को अगस्त महिने का बिजली बिल जमा होने की रसीद भी बताई उसके बाद भी कनेक्शन काट दिया गया। बिजली उपभोक्ता दुर्गाशंकर चौधरी ने बताया कि मेरे नाम से एक ही बिजली कनेक्शन गांव कुंडला में है। जिसका कोई पैसा बकाया नही है। बिजली कंपनी के कनिष्ठयंत्री से बात की तो उन्होने कहा कि तुम्हारे नाम से गांव कडी में बिजली चोरी का केस दर्ज है उसकी राशी बकाया है। इसलिए कनेक्शन काटा गया है। उपभोक्ता का कहना है कि मैं कुंडला गांव का रहने वाला हूं। मेरे नाम से कडी गांव में नही तो घर, दुकान है और नही कोई भूखंड है इसके बाद भी मेरे खिलाफ बिजली चोरी का फर्जी केस बनाया गया। उपभोक्ता ने कहा कि मैं दिहाडी मजदुरी करने वाला गरीब व्यक्ति हूं। मेरे घर पर पत्नि और बच्चे है जो रात भर अंधेरे में रहे। घर भी गांव के बाहर है और अभी बारिश का मौसम होने के कारण जहरीले जानवरो का डर रहता है। बिजली कंपनी हर महिने बिल जमा करने वाले उपभोक्ता के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई कर उन्हे परेशान कर रही है। इस मामलें में कनिष्ठ यंत्री आंतरीमाता फिड जाफर आलम का कहना है कि ये गांव कडी में बिजली चोरी कर रहे थे। सर्तकता टीम ने बिजली चोरी का केस बनाया था। इनकी राशी बकाया है कई बार इनको नोटिस भी दिए गए। अभी लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को है इसलिए कार्रवा्र की जा रही है। वही कार्यपालन यंत्री प्रदीपसिंह डंगी ने बताया कि उपभोक्ता के नाम से पूराना बिल बकाया होगा या कोई अन्य मामला होगा इसलिए कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। फिर भी मामले में जांच की जाएगी।


## साड़ी के फन्दे पर लटका मिला मेडीकल स्टोर संचालक, अस्पताल में मृत घोषित

**पिपलियामंडी, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गांव गुड़भेली बड़ी में सोमवार सुबह एक मेडीकल स्टोर संचालक, स्वयं के घर में साड़ी के फन्दे पर झूलता हुआ मिला। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव गुड़भेली बड़ी में जलोदिया मार्ग पर सोमवार सुबह 5.30 बजे करीब चमनलाल (40) पिता राजाराम धनगर को घर में साड़ी के फन्दे पर लटका देख परिजनों के होंश उड़ गए। परिजनों ने तत्काल नीचे उतारा और मंदसौर जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या है, कारण पता नही चला, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**मेडीकल स्टोर संचालक था, कुछ दिनों पूर्व हुआ था पुत्री का जन्म:-** जानकारी के अनुसार चमनलाल पिपलियामंडी में मनासा मार्ग पर मेडीकल स्टोर का संचालन करता था। वह माता-पिता का इकलौता होकर व्यवहार-कुशल था। बताया गया युवक के बेटा नही था। 15 अगस्त को वह चौथी बेटी का पिता बना था।

## बड़ा हादसा होने के बाद भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर...

# नदी-नाले, रपटे पार कर रहे



**खजूरीआंजना, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार सुबह से क्षेत्र में तेज बारिश होने से नदी नाले उफान पर नज़र आये है दरअसल आपको बता दे की मंदसौर जिले के ग्राम खजुरी आंजना के तालाब की पाल पर बनी पुल व रपट पर अत्यधिक पानी होने के बावजूद भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर रपट पार कर रहे थे करीब 1 घंटे से उफनते नाले व रपट पार करते हुए नजर आए जिसके बाद ग्रामीणों ने फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आया प्रशासन उसके बाद आनंद फालन में पुलिस प्रशासन और राजस्व अमला मौके पर पहुंचा वह पुल पार कर रहे लोगों को पुलिस प्रशासन व राजस्व अमले ने रोका उससे पहले भी कहीं लोग पुल पार करते हुए नजर आ रहे थे सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया था शिवना नदी पर बने पुल पार करते समय बाइक सवार दंपति अपने दो मासूम बच्चों के साथ पानी में तेज बहाव के कारण बह गए जिससे जिले में एक बड़ी घटना को अंजाम दिया गया वह एक बच्ची को बचा लिया उसके बाद करीब क्षेत्र में 2 घंटे से तेज बारिश होने की वजह से खजुरी आंजना तालाब की पाल पर बनी पुलिया पर तेज बहाव के कारण लोग अपनी जान जोकीम में डालकर रपट पार कर रहे थे जिसकी फोटो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई उसके बाद प्रशासन आनंद-फानन में हरकत में आया अफजलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को पुल पार करते हुए नजर आ रहे थे जिनको रोका और समझे दी गई कि अगर रपट पर ज्यादा पानी हो तो पुलिया पार ना करें जान बहुत कीमती है और घर पर अपना पूरा परिवार हमारा इंतजार कर रहा है और आप पर भरोसा है कि आप जल्द ही घर पहुंचेंगे तो आप उनके भरोसे पर खरा उतरे और पुलिस प्रशासन का भी सहयोग करें और नदी नाले पार ना करें।

# स्कूल ट्रैफिक नोडल अधिकारियों की कार्यशाला सम्पन्न



**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्गत जिले के समस्त स्कूलों के स्कूल ट्रैफिक नोडल अधिकारियों की सड़क सुरक्षा कार्यशाला उत्कृष्ट स्कूल मंदसौर में आज संपन्न हुई।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मंदसौर जिले के समस्त स्कूलों में प्रत्येक स्कूल से एक स्कूल ट्रैफिक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।स्कूल ट्रैफिक नोडल अधिकारी का कार्यशाला स्तर पर नाबालिक बच्चों के वाहन लेकर स्कूल आने पर प्रतिबंध लगाना, स्कूल स्टाफ द्वारा हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाकर शाला परिसर में प्रवेश करना स्कूल स्तर पर प्रत्येक माह सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित करवाना तथा शासन के अन्य दिशा निर्देशों का शाला स्तर पर प्रचार प्रसार तथा पालन करवाना आदि हैं। इसके लिए विभिन्न सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित प्रेजेंटेशन के माध्यम से यातायात सूबेदार श्री शैलेंद्रसिंह चौहान द्वारा समस्त स्कूल सड़क सुरक्षा नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी, उत्कृष्टस्कूल की प्राचार्य श्रीमती विनीता प्रधान, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री वीरेंद्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

## सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने गणेशजी की आरती की

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने पांच गणेश पाण्डालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेशजी की प्रतिमाओं की आरती की। श्री गुर्जर व श्रीमती गुर्जर ने जिला सहकारी बैंक नईआबादी के गणेश पंडाल में भगवान श्री गणपतिजी का पूजन किया। इस दौरान दोनों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया गया। श्री गुर्जर व श्रीमती गुर्जर ने नईआबादी बंटी चौराहा के समीप आनंद गणेशोत्सव समिति के पंडाल में पहुंचकर भगवान गणेशजी की आरती की। श्रीमती गुर्जर ने जिला जेल के सामने शीतला माता ग्रुप के गणेश पाण्डाल में भी आरती की। यहां भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार के द्वारा भी गणेश की आरती की गई। श्री गुर्जर व श्रीमती गुर्जर ने अग्रसेन नगर पहुंचकर यहां क्षेत्रीय पार्षद आशीष गौड के साथ श्री गणेशजी की आरती करने का धर्मलाभ लिया।

## कथा में भक्तों ने किया कृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण



**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर क्षेत्र के गांव झावल मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन बताया। ग्राम झावल मे श्री सुरेश टेलर के घर पर आयोजित श्री मद्भागवत ज्ञान गंगा जिसमे कथा भागवत भूषण पंडित हरिओम जी जोशी केलुखेडा (चौमहला) ने कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओ का प्रसंग को विस्तार पूर्वक श्रवण करवाया। कथा मे गोवर्धन पर्वत की कृत्रिम आकृति के माध्यम से दर्शाया। कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग के दौरान उन्होंने बताया की किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने भगवान इन्द्र के घमंड को चूर करने मे लिए बृजवासियो को गिरिराज की पूजा करने के लिए प्रेरित किया और इन्द्र के प्रकोप से बचाने के लिए अपनी ऊँगली पर गिरिराज को धारण कर समस्त बृजवासीयों को बचाया। कथा के दौरान पंडालो मे उपस्थित सभी श्रद्धालु भजनो पर झूम उठे। इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित अशोक व्यास रणायरा, राजेश व्यास टोंकड़ा, ललित टेलर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर इकाई त्रैमासिक आम बैठक वरिष्ठ नागरिक सदन मंदसौर में आहूत की गई।

बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात संगठन के कोषाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान एवं नरेंद्र पाटीदार द्वारा संगठन का इस वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया गया साथ ही बताया गया कि जिन पूर्व सैनिकों की अभी तक सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ वह जल्द जमा करवाए। बैठक में मुख्य प्रस्ताव रखते हुए दलौदा तहसील प्रभारी संतोष राव ने संघटन से आग्रह किया कि इस वर्ष का दीपावली मिलन समारोह का प्रोग्राम दलौदा तहसील को दिया जाए इस पर सभी की सहमति से यह सहमति बनी है कि आगामी सैनिक पूर्व सैनिक परिवार दीपावली मिलन समारोह दलौदा तहसील में आयोजित किया जाएगा। परामर्शदाता एस के त्रिपाठी ने बताया कि विगत दिनों पूर्व सैनिक संगठन ने कारगिल विजय दिवस मनाया स्कूलों से हाथों से बनाई राखियां बॉर्डर पर भेजी ऐसे कार्य बच्चों के लिए बहुत प्रेरणादायक है आगे भी जारी रखे।

संघटन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी द्वारा बताया गया कि संघटन पूर्व सैनिकों के हितों के कार्यों के साथ साथ आमजन समाजहित के कार्य भी कर रहा है जिसकी पूरे जिले में प्रशंसा हो रही है ऐसे कार्य हम आगे भी करते रहे। संघटन जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया ने बताया कि हमारा संगठन बहुत ही मजबूत संगठन बनता जा रहा है संघटन का आगे भी प्रयास रहेगा और तहसील स्तर पर और गति देंगे बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा कुछ सुझाव आए उन सभी बिंदुओं पर चर्चा एवम कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी। इस अवसर पर संगठन के मार्गदर्शक पूर्व सैनिक श्रवण कुमार त्रिपाठी, एस.आर जांगिड़, एलएस चंद्रावत, कोषाध्यक्ष दशरथसिंह गुर्जर, शंभूगिरी गोस्वामी, मोहन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष महेश राठौर, प्रहलाद राठौड़ मंदसौर त.प्रभारी ओमप्रकाश अहिरवाल, दलौदा त.प्रभारी संतोष राव, सुवासरा तह.प्रभारी विष्णु नारायण, शामगढ़ तह .प्रभारी राजेश खारोल, नरेंद्र पाटीदार, मीडिया प्रभारी नरेंद्र खटवड़, जितेंद्र माली, विकास सिंह सोलंकी, दिग्विजय सिंह सिसोदिया, सन्नी भावसार, रामनारायण गुर्जर, कमलेश भाटी, दिनेश चौधरी, सैनिक अमित कुमार भाटिया, शंकर धाकड, धर्मेंद्र सोनी, पूर्व सैनिक ईश्वर धनगर सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## शमशान घाट में विश्रांति शेड का किया लोकार्पण

**मेनपुरिया, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत मेनपुरीया में किया शमशान घाट में विश्रांति शेड का लोकार्पण , ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के समय में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। और कई सालों से ग्रामीण जन विश्रांति शेड की मांग कर रहे थे। पर इस और कोई अपना ध्यान आकर्षित नहीं कर रहा था। ग्राम वासियों ने जनपद सदस्य, दीपक सिंह गुर्जर, को शमशान घाट में आने वाली दिक्कतों को अवगत कराया। दीपक सिंह गुर्जर ने इस समस्या को गंभीरता से लिया व मेनपुरीया शमशान घाट में वित्त राशि , 200000 , लाख राशि से रविवार को विश्रांति शेड का लोकार्पण किया। एवं जनपद सदस्य , पुष्पा बाई वर्मा, ने मेनपुरिया शमशान घाट में भूमि पूजन कर पानी की टंकी के लिए , 110000 , हजार की राशि से पानी की टंकी भी बनेगी। शमशान घाट में विश्रांति शेड का लोकार्पण किया, जिला पंचायत जनपद सदस्य दीपक सिंह गुर्जर, जनपद सदस्य पुष्पा बाई वर्मा, सरपंच चंपा बाई ओकार लाल माली , सहायक सचिव आरिफ, सेंटर अध्यक्ष सुरेश धनगर, कोमल माली, राहुल धनगर, विनोद माली, शैलेश माली, दुर्गेश धनगर, तुलसीराम, कमलेश, अंबालाल , सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।


दिनांक 10 सितम्बर 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**जन्म कुंडली में सबसे महत्वपूर्ण भाव का परिचय..**



✲ जन्मकुंडली विश्लेषण में द्वादश भावों में सबसे महत्वपूर्ण लग्न भाव हैं, अर्थात कुंडली का प्रथम भाव ही सभी को नियंत्रित करता हैं, जातक की आत्मा, उसका अस्तित्व, उसका मस्तिष्क, चरित्र, स्वभाव, एवं उसके शरीर की आकृति, उसके गुण अवगुण, उसकी ताकत- कमजोरी उसके वर्तमान तथा उसके प्रभाव का पता हमे लग्न एवं लग्नेश की स्थिति से ही चलता हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


# एल्बेंडाजोल की दवाई खिलवाए, प्रत्येक बच्चें को कृमि से मुक्ति दिलवाए-डा.प्रसाद

## कृमिमुक्ति दिवस के आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण, 325336 बच्चों को आज दी जाएगी कृमिनाशक की दवाई

**नीमच, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितम्बर के अवसर पर प्रत्येक बच्चेंय को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलवाकर कृमिनाशन किया जाना सुनिश्चित करे। उक्त अपील मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने 19 वर्ष तक के बच्चोंब के अभिभावकों से की। डा.प्रसाद ने बताया, कि पूरे जिले में आज लगभग 3 लाख बच्चों को एल्बेंडोजोल की खुराक स्कूल एवं आंगनवाडी में दिये जाने का अभियान चलाया जावेगा। डा.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि अभियान के पूर्व समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। निर्धारित मात्रा में एल्बेंडाजोल की दवाईयॉ स्कूल एवं आंगनवाडी में उपलब्ध करा दी गई है। स्कूल के नोडल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा चुका हैं तथा आवश्यक निर्देश एवं प्रचार प्रसार सामग्री भी प्रदाय की जा चुकी हैं। डा.प्रसाद ने बताया, कि समस्त सभी अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं, मदरसो, आंगनवाडी में दोपहर के मध्यान्ह भोजन के पश्चात उक्त खुराक बच्चें को दी जावेगी। एल्बेन्डोजोल की दवाई से पेट में पाई जाने वाली कृमि का खात्मा होगा तथा बच्चों का पढाई में अच्छे से मन लगेगा, इसके सेवन से बच्चें में एनिमिया से बचने में लाभ मिलता है। डा.प्रसाद ने बताया, कि इस अभियान के दौरान यदि किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव होने पर डरे नहीं कुछ समय के पश्चात, यह स्वत: समाप्त हो जाता, फिर भी यदि आवश्यक लगे, तो 108 पर कॉल किया जा सकता हैं। आगे डा.प्रसाद ने बताया, कि बच्चें के साथ ही प्रजनन आयुवर्ग की महिलाओं में भी कृमि मुक्ति एंव एनिमिया से बचने के लिये उक्त अभियान के अंर्तगत एल्बेंडाजोल की खुराक दी जावेगीं। उक्त खुराक आशा कार्यकर्ता के माध्यम से हितग्राहियों के घर-घर जाकर वितरीत की जावेगी। जिले की लगभग पचास हजार महिलाओं को उक्त खुराक दी जावेगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2521 | 2620 |
| उडद | 5 | 5100 | 5800 |
| सोयाबीन | 4800 | 3952 | 4641 |
| गैहु | 3290 | 2550 | 3075 |
| चना | 153 | 6200 | 7351 |
| मसुर | 109 | 5570 | 5925 |
| धनिया | 140 | 5286 | 6131 |
| लहसुन | 11200 | 11001 | 26701 |
| मैथी | 443 | 5201 | 5608 |
| अलसी | 1000 | 5201 | 5941 |
| सरसो | 210 | 5181 | 5760 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 45 | 10000 | 12900 |
| प्याज | 1976 | 1100 | 3570 |
| कलोंजी | 15 | 12401 | 18055 |
| डॉलर | 15 | 8301 | 11601 |
| तिल्ली | 42 | 11100 | 12700 |
| मटरसुखी | 17 | 5451 | 7731 |
| असालीया | 85 | 9401 | 10710 |

# मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ की राशि अंतरित

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 55 लाख हितग्राहियों को 332.43 करोड़ की सहायता राशि का भुगतान, नीमच जिले की 1.60 लाख बहनों के खाते में 19.51 करोड़ की राशि का भुगतान

**नीमच, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सोमवार को सागर जिले के बीना में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में सितम्ब र माह की किश्ते के रूप में प्रति बहना 1250 रूपये के मान से कुल 1574 करोड रूपये की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खाते में अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 55 लाख हितग्राहियों के खाते में 332.43 करोड की सहायता राशि भी अंतरित की। नीमच जिले की 1.60 लाख बहनों के खाते में 1250 रूपये के मान से सितम्बर माह की किश्ती के रूप में कुल 15 करोड 51 लाख रूपये की राशि भी सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बीना में आयोजित कार्यक्रम में 215.16 करोड के विभिन्न 22 विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया।

कृषि उपज मण्डी बीना से इस कार्यक्रम का वेब कास्टिंग के जरिए सभी जिलों में सीधा प्रसारण भी किया गया। नीमच के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री टी.सी.मेहरा एवं लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं भी उपस्थित थी। इस मौके पर कलेक्टर ने उपस्थित लाडली बहनाओं से चर्चा कर, योजना के तहत प्राप्त राशि का उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, कि लाडली बहना योजना



के तहत प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढाई लिखाई में अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे पढेंगे, तो वे अपने साथ ही परिवार, को भी आगे बढाऐंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि घरेलू गैस रिफलिंग योजना के तहत 118 करोड की राशि भी अंतरित की गई है। उन्होने कहा कि बुंदेलखण्ड में आईटी पार्क का निर्माण भी किया जावेगा। साथ ही बीना में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज भी प्रारंभ किया जावेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के मामले में म.प्र., देश के अन्य राज्यों से आगे ही रहेगा। उन्होंने बीना नदी परियोजना से छूटे हुए 129 गांवों को भी जोडने की बात कही और कहा कि कोई भी गांव नहीं छूटेगा। कार्यक्रम को सांसद सुश्री लता वानखेडे, विधायक सुश्री निर्मला सप्रे ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई विभिन्न विभागों द्वारा लगाई प्रदर्शिनियों का अवलोकन किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा कन्याओं का पूजन भी किया। लाडली बहनों ने प्रतीक स्वरूप मुख्यमंत्री डॉ.यादव को बडी राखी भेंट की। प्रदेश के मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, श्री लखन पटेल, सांसद डॉ.लता वानखेडे, विधायक श्री गोपाल भार्गव, श्री शैलेन्द्र, प्रदीप लारिया, श्रीमती निर्मला सप्रे, श्री विरेन्द्र सिंह लोधी, श्री हरिश सप्रे एवं श्री बृजेन्द्र यादव ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री जी के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न मांगों को रखते हुए उनको स्वीकृत करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में लाडली बहनें उपस्थित थी।



# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत कचरे के ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें-कलेक्टर

## जिला शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत सभी नगरीय निकाय ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें जहां पर सबसे अधिक कचरा एकत्रित होता है, ऐसे ब्लैक स्पॉट को एकदम साफ करें। इस अभियान में सभी विभाग मिलकर वृहद स्तर पर कार्य करें। अधिक से अधिक लोगों को भी इस अभियान के तहत जोडे। सीएमएचओ स्वच्छता कर्मियों का हेल्थ कैंप लगवाएं एवं अच्छे कर्मियों को पुरस्कार प्रदान करें। सभी विभाग इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें की विभागों में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग पब्लिक शौचालय बनाएं। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि, निजी स्कूलों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई। इसकी फाइनल रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

पोषण माह 30 सितंबर तक चलेगा। इसमें एनीमिया, शारीरिक रूप से कमजोर बच्चे इत्यादि गतिविधियों पर कार्य होगा। इसके लिए सभी विभागों को भी इस कार्य में लगाए। कमजोर बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाए। साथ ही सप्ताह भर का एक कार्यक्रम बनवाए। विभाग पोषण माह के उद्देश्य एवं उसकी उपलब्धियां पर मुख्य रूप से कार्य करें। जिला आपूर्ति अधिकारी जिले में राशन दुकानों का निरीक्षण करें। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के अंतर्गत विभाग शिकायतों को अपने विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरित न करें। साथ ही एलडीएम बैंकों का दो दिन का विशेष कैंप लगाए तथा शिकायत का निराकरण करें। नगर पालिका वार्ड स्तर पर कैंप लगाए तथा शिकायत का निराकरण करवाए।



## मुख्यमंत्री ने जिले की 2 लाख 67 हजार लाड़ली बहनों को 32 करोड़ 44 लाख का हितलाभ प्रदान किया

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंदसौर जिले की 2 लाख 67 हजार 621 हितग्राहियों को 32 करोड़ 44 लाख का हितलाभ प्रदान किया गया। साथ ही जिले की 1 लाख 17 हजार 792 पेंशन के हितग्राहियों को 7 करोड़ 6 लाख 75 हजार का भुगतान किया गया। हितलाभ वितरण का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम बिना जिला सागर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले की सभी ग्राम पंचायत में किया गया। मंदसौर एनआईसी कक्ष में भी उक्त कार्यक्रम को हितग्राहियों ने देखा और सुना। इस दौरान मंदसौर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती स्वाति तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती देव कुंवर, लाडली बहने, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# 16 सूत्रीय मांगो को लेकर कछावा आज से करेंगे आमरण अनशन

## 13 अगस्त को दिया था प्रशासन को अल्टीमेंटम, एक भी समस्या का नही किया समाधान

**मनासा, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सदस्य आर सागर कछावा 16 सुत्रीय मांगो को लेकर आज से कोर्ट के सामने आमनरण अनशन पर बैठेगे। वे सुबह 11 बजे एसडीएम पवन बारिया को आवेदन देने के बाद आमरन अनशन शुरु करेंगे। कछावा ने 13 अगस्त को 16 सुत्रीय मांगो के समाधान को लेकर अल्टीमेटम दिया था कि समस्यां का हल नही किया तो वे आमरण अनशन करेंगे। अल्टीमेटम के मुतबिक समय पुरा होने के बाद एक भी समस्यां का हल प्रशासन द्वारा नही किया गया। इसलिए यह निर्णय लेने पर मजबुर होना पडा।



जिला पंचायत सदस्य कछावा द्वारा आमरन अनशन जिन 16 सुत्रीय मांगो को लेकर किया जा रहा है। उनमें प्रमुख रूप में स्मार्टमीटर द्वारा उपभोक्ताओ को दिए जा रहे भारी भरकम बिजली बिल, किसानो को सोयाबीन का 6 हजार समर्थन मुल्य मिले। सोयाबीन में अफलन की स्थिति में सर्वे कर मुआवजा दिया जाएं। इसके साथ सरकारी जमीन पर काबिज होकर कृषि कार्य करने वाले किसानो को बेदखल नही किया जाएं। वन विभाग से लगत भूमि पर बरसो से खेती कर रहे किसानो को वन विभाग नए पुराने नक्शे के नाम पर परेशान नही करे। चिता प्रोजेक्ट का क्षेत्रफल कम किया जाएं। चिता प्रोजेक्ट आने के बाद एरिये को कवर्ड करने से गौवंश की हा रही अकाल मौत की निष्पक्ष जांच की जाएं। विधानसभा क्षेत्र के गांव खिमला ब्लाक में ग्रीन को कंपनी द्वारा आदीवासी किसानो की शासकीय भूमि बल पूर्वक हडप ली गई जबकि अन्य वर्ग के किसानो को 2 लाख रूपए प्रति एकड मुआवजा दिया गया। आदीवासी किसानो के साथ भी समान न्याय हो। 20 सुत्रीय कार्यक्रम के तहत: जिन किसानो के पटटे निरस्त किए गए उन्हे बहाल किए जाएं। और जो निरस्त नही हुए है उन्हे भूमि स्वामी घोषित किया जाएं। खिमला ब्लाक में ही कलेक्टर द्वारा आदीवासी किसानो एवं राजस्व भूमि पटटेदार किसानो की कृषि भूमियो के विक्रय आदेश नियम विरूद्व किए गए है उन्हे निरस्त किए जाएं। नामानंतरण एंव बंटाकन के मामले में सीएम के आदेश के बाद भी पटवारी किसानो से खुली लुट कर रहे जिसे बंद किया जाएं। निजी कंपनीयों द्वारा किसानो से जमीन खरीदी है उनके परिवार के पास परिवार पालन के लिए ओर कोई साधन नही रहा है। इसलिए ऐसे परिवारो के एक सदस्य को स्थायी नौकरी दी जाएं। खिमला ब्लाक वन ग्राम है ष्शासन ने आबादी क्षेत्र घोषित कर पटटे आवंटित किए थे। वह सर्वे नंबर भी ग्रीन को कंपनी को दे दिया है। जिसे पुन: ग्रामीणो को दिया जाएं। वाटरशेड परियोजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर कारवाई की जाएं। खिमला में ग्रीन को कंपनी ने वहां के आदीवासीयो और किसानो को गुमराह कर जमीनो की किमतो में असमानता की गई है जिन्हे न्याय दिया जाएं। क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई के नाम पर दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा गांवो में गली मोहल्ले और खेत खोद दिए है। जिन्हे सुधारा नही गया है। जिसे सुधारने का काम किया जाएं। वही ग्रीन को कंपनी ने जो भूमियां खरीदी है उनकी रजिस्ट्रीयां उसी हल्के के पटवारी के भाई द्वारा की गई है। जिसकी जांच पटवारी को हटाकर की जाएं। संबल योजना में मिलने वाली राशी 2 लाख पिछले 1 साल से हितग्राहीयो को नही मिली है। शासन स्तर पर इसकी जांच हो और जल्दी हितग्राहीयो को संबल योजना का लाभ दिया जाएं।



# 15 दूकानों पर 4200 रूपये की चालानी कार्रवाई, 5 किलो पॉलीथीन जप्त की

## सीएमओ ने नागरिकों से अनुरोध कर दी समझाइश

**मनासा, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने की दिशा में नगर परिषद मनासा ने सोमवार को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया। नगर परिषद सीएमओ रितेशकुमार पाटीदार कर्मचारियों के साथ नगर में निकले और सड़क पर कचरा फैलाने वाले दूकानदारों पर चालानी कार्रवाई की गई। 15 दूकानदारों से 4200 रूपए का जुर्माना वसुला गया। इस दौरान हाथ ठेला और किराना व्यवसाई से पॉलिथिन भी जब्त की गई। कार्रवाई में 5 किलो पॉलीथिन जब्त की गई। शाम करीब 5 बजे नगर परिषद सीएमओ रितेश कुमार पाटीदार और परिषद अमला मंदसौर नाके पहुंचे। यहां बालू होटल के बाहर कचरा बिखरा पड़ा था चाय के डीस्पोजल सड़क पर उड़ रहे थे। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई और दूकान मालिक का फटकार लगाते हुए 500 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। सीएमओ श्री पाटीदार ने कहा ग्राहक चाय पीकर जाते है और खुले में डिस्पोजल डालते है तो यह आपकी जिम्मेदारी है आप उन्हे समझाएं। कार्रवाई के दौरन अधिकांश दूकानदारों ने डस्टबीन नहीं रखे थे। इस पर सीएमओ श्री पाटीदार ने समझाइस दी। उन्होने कहा नगर साफ स्वच्छ बनी रही यह हम सभी की जिम्मेदारी है। कचरा गाड़ी रोज आपकी दूकान तक पहुंच रही है। आप डस्टबीन का उपयोग करें ओर कचरा परिषद के कचरा वाहन में ही डाले। हाथ ठेला विक्रेताओं पॉलीथीन का उपयोग कर रहे थे। उनकी पॉलिथिन जब्त कर उन्हें कपड़ा थैली उपयोग करने की बात कही। हाथ ठेले पर सब्जी लेने आने विक्रेताओं से भी संवाद किया उनसे आग्रह किया आप घर से कपड़े का बैग अथवा झोला साथ में लेकर आए। शहर को पॉलिथिन मुक्त बनाने में सहयोग करें। मंदसौर नाके के साथ ही नीमच नाके पर भी चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 5 किलो पॉलिथिन जब्त की गई। वहीं गणपत होटल, बालू होटल, सांवलिया होटल, विजयवर्गीय होटल, कंचन होटल, ऑटो पॉर्टस, सहित 15 दूकानदारों पर 4200 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। सीएमओ श्री पाटीदार ने बताया अभी प्रतिकात्कम रूप में कार्रवाई कर दूकानदारों को समझाइस दी गई है। इसके बाद भी कोई नहीं माना और दूकान के बाहर कचरा बिखरा पड़ा मिला तो 2000 से 5000 तक जुर्माना वसुला जाएगा।

# किसानों को न्याय दिलाने के लिए मप्र में कांग्रेस का संघर्ष जारी

## आज मेलखेड़ा-गरोठ ब्लाक में जीतू पटवारी करेंगे ट्रेक्टर रैली, होगी आमसभा एवं किसान पंचायत

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** किसानों की खेती की लागत निरंतर बढती जा रही है, जबकि उसे फसल के मूल्य नही मिल रहे हैं। विगत दिनों किसानों की पीढा को व्यक्त करने के लिए ग्राम देवरिया के किसान श्री कमलेश पाटीदार द्वारा 10 बीघा जमीन पर खडी सोयाबीन की फसल को हांक कर अपना रोष प्रकट किया था।



उपरोक्त जानकारी देते हुए संगठन मंत्री श्री राजेश रघुवंशी नें बताया कि आज 10 सितंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी गरोठ विस के देवरिया ग्राम पहुंच कर किसानों के पक्ष में कांग्रेस के समर्थन को व्यक्त करेंगे। इस दौरान वे पीडित किसान से मिल कर हांके गए खेत का निरिक्षण करेंगे एवं अन्नदाता को न्याय दिलाने के लिए देवरिया से सांठखेडा तक ट्रैक्टर रैली निकालेंगे। ट्रैक्टर रैली के समापन पर श्री जीतू पटवारी दोपहर 12 बजे सांठखेडा में किसानों के पक्ष में आमसभा व किसान पंचायत का आयोजन करेंगे, जिसमें सोयाबीन की उपज का समर्थन मूल्य 6000 घोषित करनें सहित अन्य फसलों के न्योचित समर्थन मूल्य जारी करनें की मांग मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार से की जाएगी। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के अखिल भारतीय सचिव कुणाल चैधरी, पूर्व सांसद मीनाक्षीजी नटराजन, विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन, लोकसभा प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री सुभाष सोजतिया एवं श्री नरेन्द्र नाहटा सहित मंदसौर जिले के सभी पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी एवं महत्वपूर्ण नेतागण उपस्थित रहेंगे। श्री रघुवंशी नें मंदसौर जिले के सभी ब्लाक अध्यक्षों, मंडलम व सैक्टर अध्यक्षों, मौर्चा संगठन- प्रकोष्ठ एवं विभिन्न विभागों के अध्यक्षों सहित जिला व जनपद के सदस्यों, पार्षदों, नगर परिषद व जनपद के अध्यक्षों, कांग्रेस के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## महाविद्यालय की 11 छात्राओं ने उज्जैन भ्रमण किया

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय,मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेन्स सेल व




युवा संसाधन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय की 11 छात्राओं ने डा.कविता बुन्देला के नेतृत्व में उज्जैन भ्रमण किया जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, विज्ञान व पुरातत्व स्थलों की प्रमुख नगरी उज्जैन की शैक्षणिक यात्रा में छात्राओ ने सहभागिता की। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार छात्राओ में अपनी विरासत संबंधी सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं पुरातन वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ावा देने, बौद्धिक संपदा का लोकव्यापीकरण व टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु उज्जैन में स्थिति आब्जर्वेटिव, पुरातत्व स्थान, अन्य स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कराना इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य था वैधशाला में विद्यार्थियों ने गृह नक्षत्रों की चाल को समझा।इस शैक्षणिक यात्रा के अंतर्गत जन्तर मन्तर वैधशाला उज्जैन में स्थित शंकूयंत्र, नाड़ी वाला यंत्र, दिघंश यंत्रों का अध्ययन किया व तारामण्डल स्थल पर गृह व नक्षत्रों की स्थिति को जाना।

त्रिवेणी संग्रहालय मे प्राचीन कला व विज्ञान के तत्वों को समझा तथा विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र में स्थित पंचामृत अमूल फैक्टरी का भ्रमण किया गया जिसके अंतर्गत आइस्क्रीम, घी, दही, छाछ, पनीर बनाने की तथा पैंकिग की पूरी जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय परिवार के प्रयोगशाला तकनीशियन श्री फिरोज मन्सूरी ने भी इस शैक्षणिक यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा।


### ✻ उठावना ✻

हरिनंदन बोराना की धर्मपत्नी मनोहर स्व. निरंजन, दशरथ बोराना की माता जी नितेश, विपिन, मोहित बोराना की दादाजी एवं देवांश की पर दादाजी श्रीमती राजा बाई बोराना का स्वर्गवास दिनाक 8.9.2024 रविवार को हो गया जिसका उठावना 10.09.24 मंगलवार को दिन में 2 बजे राठौर रिसोर्ट टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के पीछे रखा गया है ,



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
**हरिनंदन बोराना, समस्त बोराना परिवार ,पिपलिया मण्डी**

### ✻ उठावना ✻

हमारे बड़े भाई साहब एवं डॉ अजय सोडानी, संजय, अविनाश ( पुनित) के पुज्य पिताजी एवं अभिज्ञ, दिपांजय अद्वैत,आयुष , के दादा जी व अक्षय , महेश, कैलाश सोडानी के काकाजी, अनिल, मनीष, केताऊजी, श्री सुरजमल जी सोडानी ( मनासा वाले ) का निधन दिनांक -7.9.24 शनिवार को हो गया था जिनका उठावना आज दिनांक -10.9.24 मंगलवार को शाम 4.30 बजे गीता भवन हाल इन्दौर में रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
**प्रहलाद राय, जगदीश चन्द्र सोडानी, सोडानी परिवार**
**मनासा – इन्दौर**
**निवास पता– 36– बी– सेक्टर साईनाथ कालोनी ( तिलक नगर) इन्दौर**


# सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई भी तथ्य फॉरवर्ड ना करें-कलेक्टर

## आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाए

**मंदसौर, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी दिनों में आने वाले पर्वो दशमी/पर्युषण पर्व, डोल ग्यारस, मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी, नवरात्रि पर्व प्रारंभ, दशहरा इत्यादि पर्वों पर्र की जाने वाले शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी समाज जनों से आग्रह किया गया की आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाए। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, शांति समिति के सदस्य, पत्रकार मौजूद थे।

बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि सोशल मीडिया पर बिना देखे बिना, समझे, बिना पुष्टि किए कोई भी तथ्य फॉरवर्ड ना करें। उस तथ्य के संबंध में संबंधित अधिकारी से बात करें। इसके साथ ही बाहरी अफवाहों



पर ध्यान न दें। समारोह, प्रदर्शन के दौरान आयोजन कर्ता वोलेंटियर की सूची उपलब्ध कराए। इसके साथ ही नगर पालिका व पुलिस समारोह के रूट चेक करें। विसर्जन के दौरान नदियों के किनारे, घाट तक न जाए। मूर्ति विसर्जन के लिए नगर पालिका अलग-अलग स्थान पर मंच बनाएं। इसके साथ ही मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करें। साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का विशेष रूप ध्यान रखें। एसडीआरएफ की टीम हमेशा अलर्ट रहे। एमपीईबी विभाग लाइट व्यवस्था को देखें। जुलूस के रास्तों पर तार झुके हुए न हो, उनको तुरंत ठीक करें। नगर पालिका निराश्रित मवेशियों को गौशाला में छोड़ने का कार्य लगातार चलने दे। गणेश पंडाल में सीसीटीवी कैमरे आयोजन कर्ता लगवाए। इसके लिए नगर पालिका सीएमओ एक बार चेक भी करें। पर्वों के दौरान संप्रदाय विशेष के झंडे लगाने के साथ ही उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी व्यक्ति विशेष की होती है। इसलिए झंडा लगाने में विशेष तौर स्तर पर ध्यान रखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सा दल को अलर्ट रखे, एंबुलेंस को तैयार रखे।

## एनडीपीएस में पुलिस की मुखबिरी का... पेज 1 से जारी

अरनिया देव तरफ से मेरे गाँव के श्यामलाल राठौर भी आ गए, जिसके सामने बाइक सवार दोनों लोगों ने मुझे जबरदस्ती बाइक पर बिठाया और खेरखेड़ा की ओर ले गए। जहां सेमली मेवाड़ा गांव में रामसिंह सौंधिया व उसके साथ मनासा निवासी छोटू नामक व्यक्ति और था, दोनों मुझे कार में बिठाकर बोरदिया कला ले गए और वहां मेरे साथ लात-घुसों से मारपीट की व कहा तुने पुलिस को मुखबिरी कर हमारे हाली को अफीम में पकडाया था। जिससे हमारा पैसों का काफी नुकसान हुआ है। अगर तुने पैसे नहीं दिये तो तुझे जान से खत्म कर देंगें। काफी देर तक इन्होने मुझे अपने पास बिठाकर रखा। अंधेरा काफी हो गया था और ये तीनों मेरे पास ही बैठे थे, मैं पेशाब करने का बहाना बनाकर वहाँ से उठा और भागा तो ये तीनों मेरे पीछे मुझे पकड़ने के लिये दौड़े, अंधेरे का फायदा उठाकर मैं खेतों के रास्ते होता हुआ झार्डा पहुँचा। वहाँ से लिफ्ट लेकर अपने गाँव आया और उक्त घटना के बारें में मेरी पत्नी ज्योति, साले सुमन व जीजा नानुराम तथा दोस्त राजाराम को बताया। मारपीट से मुझे सीने, मुँह, कमर व सीधे हाथ की उँगली में चोट लगी है। एसडीओपी श्री नरेंद्र सोलंकी ने बताया पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जिसमें तीन नामजद है व दो अज्ञात है। सभी आरोपी फरार है।

# प्रदेश में अगले साल से शुरू हो जाएंगे 3 मेडिकल कॉलेज, तीन में बढ़ेगी एमबीबीएस की 50-50 सीटें

**भोपाल, 09 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। इसी वर्ष से सिवनी, मंदसौर और नीमच में प्रारंभ हुए मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने इन कॉलेजों में फैकल्टी की संख्या मापदंड के अनुसार बढ़ाई है। कुछ विषय में कमियां रह गई हैं, जिन्हें पूरा करने के वादे के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को शपथ पत्र दिया जाएगा। इसके बाद इन कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें 50-50 की जगह 100-100 की जा सकेंगी।**

बता दें कि संसाधन कम होने से नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने 50-50 सीटों पर ही प्रवेश की ही अनुमति दी थी। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने एनएमसी में अपील की थी। एनएमसी ने सीटें बढ़ाने से इन्कार किया तो दूसरी अपील केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में की गई है। एमबीबीएस में प्रवेश के लिए काउंसलिंग चल रही है।

**एक माह का समय–** इस सत्र की मान्यता के लिए अभी लगभग एक माह का समय है। इन तीन कॉलेजों के अतिरिक्त अगले सत्र (2025-26) से सिंगरौली, श्योपुर और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विधानसभा क्षेत्र रहे बुधनी स्थित मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश प्रारंभ करने की भी तैयारी है। इनमें सिंगरौली और श्योपुर के लिए भी नान क्लीनिकल विषयों में भर्ती शुरू हो गई है।

**फैकल्टी की कमी पूरी–** संचालक चिकित्सा शिक्षा डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष शुरू हुए तीनों कॉलेजों में फैकल्टी की कमी लगभग पूरी हो गई है। कुछ पदों पर भर्ती प्रक्रिया अभी चल रही है, जिनमें नियुक्ति होनी है। बाकी संसाधन तो 150 सीटों के हिसाब से उपलब्ध हैं यानी फैकल्टी की कमी पूरी हो गई तो अगले वर्ष 150-150 सीटों की मान्यता मिलने की पूरी उम्मीद है।


## सावित्री फूले साख सहकारी मर्या. मंदसौर

दिनांक-10.9.2024

### वार्षिक साधारण सभा की सूचना

सावित्री फूले साख सहकारी मर्या. मंदसौर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई है। **दिनांक 29.09.2024 वार रविवार समय 10.00 बजे स्थान–संस्था कार्यालय परिसर, दया काम्पलेक्स, मंदसौर**

✻✻✻ विषय सूची ✻✻✻

1. संस्था के वार्षिक कार्यवाही की स्वीकृति बाबत्।
2. संस्था की आगामी बजट स्वीकृति बाबत्।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति से।

प्रबंधक
सावित्री फूले साख सह. सं. मर्या.मंदसौर मो. 7049043083

## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

**कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।**

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

9425105928. 8319964648


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in